राजस्थान सरकार
सामान्य प्रशासन (ग्रुप–3) विभाग

क्रमांक प0 1(2)सा.प्र./3/2012 जयपुर, दिनांक 28 MAY 2018

Most Imp

समस्त संभागीय आयुक्त,
समस्त जिला कलेक्टर,
समस्त विभागाध्यक्ष।

परिपत्र

प्रायः यह देखने में आया है कि कतिपय विभागाध्यक्ष/जिला कलेक्टरों द्वारा रिक्त पदों की सूचना (मंत्रालयिक अधिनस्थ/तकनिकी एवं अन्य पदों की) इस विभाग को नही भिजवाई जा रही है। रिक्त पदों की सूचना प्रति माह निर्धारित तिथि एवं प्रपत्र अनुसार प्राप्त नहीं होने से रिक्तियों की जानकारी नहीं हो पाती हैं। रिक्त पदो की सूचना प्राप्त न होने से जहां अधिशेष कर्मचारियों का समावेशन यथासमय नहीं हो पाता है, वहीं इन कर्मचारियों को वेतन भत्तों का भुगतान करना पडता है। जिससे राजकोष पर अनावश्यक वित्तीय भार पडता है।

अतः अपने अधिनस्थ कार्यालयों एवं मुख्यालयों की स्थित नवीनतम सूचना एकीकृत कर ईकजाई रूप में इस विभाग को प्रत्येक माह की 05 तारीख तक प्रेषित कराने हेतु संबंधित को निर्देशित कराने की कृपया व्यवस्था करावें।

क्र.सं	पद का नाम	पदो की कुल स्ट्रेन्थ	भरे गये पदों की संख्या	रिक्त पदों की संख्या
1.	2.	3.	4.	5.

यह किस संवर्ग का है।	पद हेतु निर्धारित तकनीकी एवं शैक्षणिक योग्यता	पद की श्रेणी सामान्य/अनु.जा./अनु. ज.जा./पिछड़ा वर्ग/विकलांग	वेतन श्रृंखला ग्रेड–पे/पे बैण्ड पे मैट्रिक्स लेवल	विशेष विवरण यदि कोई हो
6.	7.	8.	9.	10.

यदि विभाग में कोई पद रिक्त नहीं है तो सूचना शून्य प्रेषित कर दी जाये। इस विभाग को रिक्त पदों की सूचना प्रेषित करने के बाद रिक्तियां कम या ज्यादा हो जाती है अथवा कतिपय कारणों से नहीं भरा जाना है अथवा कोई पद अबयेंस आ जाता है। तो उसकी सूचना तत्काल इस विभाग को दी जाये। ताकि अधिशेष कार्मिकों का आवंटन उसी परिपेक्ष मे किया जावे। ताकि अनावश्यक लोट फेरी ना हो। इसे सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करें।

28.5.2018
(सुदर्शन सेठी)
अतिरिक्त मुख्य सचिव

प्रतिलिपि :–

1. समस्त अतिरिक्त मुख्य सचिव/प्रमुख शासन सचिवगण को प्रेषित कर लेख है कि कृपया अपने अधिनस्थ आने वाले सभी विभागाध्यक्षों को यह निर्देशित करायें कि वर्तमान में रिक्त चल रहे पदों की सूचना इस विभाग को प्रतिमाह की 05 तारीख तक प्रेषित कर दी जायें।
2. रक्षित पत्रावली।

28/05/2018
संयुक्त शासन सचिव

Room No. 1133, Main Building, Secretariat, Jaipur-302005,
Tel. No. (DS)-2227874 (SO)-2227776 (Fax)-5116626, 2227928
Website: www.gad.rajasthan.gov.in, Email-gadsec111@rediffmail.com